# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com,


पत्रांक : आर0एम0पी0यू0/ 1515 /2022 दिनांक : 14 नवम्बर, 2022

प्रेषक :

प्रो0 (डॉ०) एस०के० रावत
नोडल अधिकारी,
डिजी शक्ति (टेबलेट/स्मार्टफोन वितरण) योजना
E-mail : skrdigirmsu@gmail.com
Contact : 9411753195

सेवा में,

**समस्त प्राचार्य/नोडल अधिकारी**
**डिजी शक्ति (टेबलेट/स्मार्टफोन वितरण) योजना**
**राजकीय/अनुदानित एवं स्ववित्त पोषित सम्बद्ध महाविद्यालय**

विषय : **स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के सतत् संचालन के लिये उपयोग किये जा रहे डिजीशक्ति बेब पोर्टल में उपलब्ध छात्र/छात्राओं के डाटा को एडिट, प्रमोट एवं अपलोड करने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने हेतु पोर्टल को दिनांक 17.11.2022 से पुनः खोले जाने के सम्बन्ध मे।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रबन्ध निदेशक महोदय, यू0पी0 डेस्को के पत्रांक D/22-23/3181 दिनांक 14.11.2022 के द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रश्नगत योजना के सतत् क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु पूर्व में विकसित किये गये डिजीशक्ति वेब पोर्टल में छात्र/छात्राओं का डाटा उनके कोर्स एवं कोर्स अवधि के साथ संरक्षित किया गया है। सत्र 2021–22 के लिये डिजीशक्ति पोर्टल पर एक निर्धारित प्रारूप के अनुसार विश्वविद्यालयों द्वारा छात्र/छात्राओं का डाटा अपलोड किया गया था।

उल्लेखनीय है कि डिजीशक्ति पोर्टल को सत्र 2022–23 के डाटा के लिये संस्थान लॉगिन द्वारा वेरीफिकेशन, यूनिवर्सिटी/बोर्ड/सोसाइटी/काउन्सिल (UBSC) लॉगिन द्वारा अप्रूवल एवं विभागीय स्तर से लॉकिंग किये जाने हेतु दिनांक 07.11.2022 से खोला गया था।

अवगत कराना है कि उक्त कार्यवाही को दिनांक 16.11.2022 को रोकते हुये डिजीशक्ति पोर्टल पर सत्र 2021–22 के छात्र–छात्राओं के पूर्व संरक्षित डाटा को संस्थान लॉगिन द्वारा सत्र 2022–23 के लिये निम्न दिये गये बिन्दुओं के अनुसार एडिट, प्रमोट एवं अपलोड किये जाने हेतु पोर्टल को पुनः खोला जा रहा है :–

1. छात्र/छात्राओं का स्टेटस अपडेट जोकि निम्न 3 श्रेणियों के अन्तर्गत होगा :–

- प्रमोटेड/पास (संस्थान छात्र/छात्राओं के वर्तमान सत्र का चयन कर सकेगा)
- फेल
- संस्थान छोड़ना

2. छात्र/छात्राओं के ई-मेल आई.डी., मोबाइल नं., आधार नं, (वैकल्पिक), कोर्स का नाम एवं वर्तमान सत्र को एडिट करना।

3. सत्र 2022-23 के छात्र/छात्राओं का डाटा डिजीशक्ति पोर्टल पर उपलब्ध एक्सेल प्रारूप को डाउन लोड कर भरने के उपरान्त अपलोड करना।

उपरोक्त प्रक्रिया हेतु संस्थान के लॉगिन पर दिनांक 17.11.2022 से एडिट, प्रमोट एवं अपलोड करने का प्राविधान उपलब्ध करा दिया जायेगा। तत्पश्चात् अपडेट हो चुके डाटा को निर्धारित की गयी तिथि के उपरान्त संस्थानों द्वारा वेरीफाई, UBSC द्वारा अप्रूव एवं विभागों द्वारा लॉक करने की कार्यवाही हेतु खोल दिया जायेगा।

अतः एतद्द्वारा निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार दी गयी समय सीमा के अन्तर्गत कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

**प्रो० (डॉ०) एस०के० रावत**

प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. मा० कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0 डेस्को, निकट गोमती बैराज, गोमतीनगर, लखनऊ।
4. कुलसचिव, राज्य महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।

**प्रो० (डॉ०) एस०के० रावत**